दिनांक : 12.05.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को लेकर डीजीएमओ के बीच आज दोपहर 12 बजे बातचीत होगी।
- भारतीय अंतरीक्ष अनुसंधान संगठन सिंथिटिक एप्रोच रडार सैटेलाइट को अगले महीने तक लॉन्च करेगा।
- आज बुद्ध पूर्णिमा है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को बधाई दी है।
- मौसम विभाग ने दक्षिण पश्चिम मॉनसून के 27 मई तक केरल तट पर पहुंचने का अनुमान व्यक्त किया।

डीजीएमओ ब्रीफिंग

भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों यानी डीजीएमओ के बीच आज दोपहर 12 बजे बातचीत होगी ताकि दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम को लंबे समय तक बनाए रखने के तौर-तरीकों पर चर्चा की जा सके।

इससे पहले, सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, हवाई संचालन महानिदेशक एयर मार्शल ए. के. भारती और नौसेना संचालन महानिदेशक वाइस एडमिरल ए एन प्रमोद ने कल संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

लेफ्टिनेंट जनरल श्री घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हुए हमले में सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। इनमें यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद जैसे आतंकियों के नाम शामिल हैं, जो कंदहार विमान अपहरण और पुलवामा विस्फोट में शामिल थे। कल नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की संकल्पना आतंकियों, उन्हें संरक्षण देने वालों और आतंकी ढांचे को नष्ट करने के उद्देश्य से की गई है।

हवाई संचालन महानिदेशक एयर मार्शल ए. के. भारती ने बताया कि लक्ष्यों का चयन सावधानीपूर्वक किया गया था और वायुसेना को बहावलपुर और मुरीदके प्रशिक्षण शिविरों को नष्ट करने का लक्ष्य दिया गया था। उन्होंने बताया कि इन लक्ष्यों के लिए योजना इस प्रकार बनाई गई जिससे अन्य क्षति से बचा जा सके।

नौसेना संचालन महानिदेशक वाइस एडमिरल ए एन प्रमोद ने कहा कि नौसेना उत्तरी अरब सागर में निर्णायक स्थिति में है और समुद्र तथा जमीन पर कराची सहित चुनिंदा लक्ष्यों पर हमला करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना की तैनाती के कारण पाकिस्तानी नौसेना और वायुसेना की इकाइयां रक्षात्मक मुद्रा में रहने के लिए मजबूर हैं।

नासा-इसरो-सैटेलाइट

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने आज कहा कि नासा-इसरो सिंथेटिक एप्रोच रडार सैटेलाइट को अगले महीने तक लॉन्च किया जा सकता है।

अगरतला के इंफाल में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर आकाशवाणी से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस रडार सैटेलाइट में दो प्रमुख पेलोड हैं और इसमें माइक्रोवेव रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट भी है। श्री नारायणन ने कहा कि एक पेलोड अमरीका ने बनाया है जबकि दूसरा भारत ने।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के जी-20 की अध्यक्षता के दौरान घोषणा की थी कि भारत जी-20 उपग्रह बनाएगा। इसरो प्रमुख ने कहा कि जी-20 उपग्रह का 50 प्रतिशत पेलोड भारत का होगा और शेष पेलोड अन्य देशों से आएगा। उपग्रह को भारत के अपने प्रक्षेपण यान का उपयोग करके प्रक्षेपित किया जाएगा। उपग्रह द्वारा एकत्र किए गए डेटा को जी-20 देशों के साथ साझा किया जाएगा। उपग्रह का कार्य जलवायु संबंधी गतिविधियों का अध्ययन करना होगा।

भारत के आगामी मिशनों और प्रक्षेपणों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि 18 मई को पीएसएलवी द्वारा आरए-सैट और सी बैंड सिंथेटिक रडार उपग्रह लॉन्च किया जाएगा। इसरो के अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अगले महीने गगनयात्री को कुछ अनुभव प्राप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजा जाएगा।

एनडीएमए- एडवाइजरी

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण - एनडीएमए ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है कि वे किसी भी अज्ञात विस्फोटक सामग्री को न छुएं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में एनडीएमए ने कहा कि ये विस्फोटक सामग्री खतरनाक हो सकती है और लोगों को गंभीर चोट या मौत का कारण बन सकती है। एनडीएमए ने कहा कि अगर लोगों को कोई अज्ञात सामग्री मिले तो तुरंत स्थानीय अधिकारियों को सूचित करें।

रोजगार मेला-इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे राज्य का युवा सक्षम, योग्य और आत्म-निर्भर बने यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि रोजगार और स्वरोजगार देकर स्वावलम्बी समाज और स्वावलम्बी प्रदेश बनाया जाये। इस दिशा में हम तेजी से लगातार आगे बढ़ रहे है। प्रदेश में हर क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिये तेजी से प्रयास किये जा रहे है, चाहे वह परम्परागत दुग्ध पालन का क्षेत्र हो या आधुनिक आईटी का क्षेत्र। प्रदेश में रोजगार आधारित औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिये इंड्रस्टी कॉन्क्लेव व्यापक स्तर पर आयोजित की गई। इसके बेहतर परिणाम भी सामने आ रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल रविवार को दशहरा मैदान, इंदौर में आयोजित महापौर मेगा रोजगार मेला के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

बुद्ध पूर्णिमा

आज बुद्ध पूर्णिमा है। गौतम बुद्ध का जन्म और परिनिर्वाण आज ही के दिन हुआ था। उन्हें बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे निर्वाण की प्राप्ति हुई थी।

बुद्ध पूर्णिमा भारत, नेपाल, भूटान, बर्मा, थाईलैंड, तिब्बत, कोरिया, लाओस, वियतनाम, मंगोलिया, कंबोडिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया और श्रीलंका के बौद्धों और हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार है।

महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। प्रदेश में भी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कई कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मॉनसून

मौसम विभाग ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के 27 मई को केरल तट पर पहुँचने का अनुमान व्यकक्त किया है। सामान्य तिथि से पाँच दिन पहले इस मॉनसून के पहुंचने से खरीफ की बुआई और पैदावार अच्छी होने और जलाशयों का स्तर बढ़ने की उम्मीद है। विभाग ने इस वर्ष मानसून सामान्य से अधिक 105 प्रतिशत होने का भी अनुमान व्यक्त किया है। मध्य प्रदेश में सामान्य से अधिक वर्षा होने की सम्भावना है। हालाँकि, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, तमिलनाडु, बिहार और उत्तर-पूर्वी राज्यों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है।

रेलवे सिग्नल

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने रेलवे सिग्नलिंग में नई तकनीक की शुरुआत की है। भोपाल मंडल के अंतर्गत आने वाले निशातपुरा यार्ड में देश की पहली ऑप्टिकल फाइबर आधारित सिग्नल प्रणाली को शुरू किया गया है। यह नई तकनीक अब पुराने भारी-भरकम तारों से चलने वाली प्रणाली की जगह ले रही है। इसके तहत अब सिग्नल सीधे कंट्रोल रूम से ऑप्टिकल फाइबर के जरिए संचालित होंगे। पहले रेलवे सिग्नलिंग में बड़ी मात्रा में वायरिंग और मैनुअल हस्तक्षेप की ज़रूरत होती थी। इस नई प्रणाली में सिग्नल पोस्ट पर 'लैम्प आउटपुट मॉड्यूल' नामक उपकरण लगाया गया है, जो सीधे कंट्रोल रूम से ऑप्टिकल फाइबर के जरिए जुड़ा होता है। अब सिग्नल को ऑपरेट करने के लिए भारी वायरिंग की ज़रूरत नहीं होगी। हर सिग्नल को अब तेज़, सुरक्षित और रियल-टाइम कंट्रोल मिलेगा, जिससे संचालन अधिक विश्वसनीय होगा।

शिल्प ग्राम महोत्सव

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जनजातीय द्वारा सदियों से संरक्षित खान-पान, लोक कलाएं, शिल्प, वस्त्र, आभूषण, उपकरण और चिकित्सा पद्धतियां सभी हमारी अनमोल धरोहर है। हमारी इस लोक संस्कृति का संरक्षण और प्रोत्साहन समाज का दायित्व है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जनजातीय समुदाय की सतत आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित मौलिक, स्वाभाविक, कला, शिल्प और संस्कृति की सृजनशीलता को निखार कर व्यवसायिक बनाने के प्रयासों की सराहना की है।

राज्यपाल श्री पटेल रविवार को तीन दिवसीय शिल्प ग्राम महोत्सव के समापन कार्यक्रम को रवीन्द्र भवन में संबोधित कर रहे थे। महोत्सव का आयोजन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा वन्या प्रकाशन, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान और ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के समन्वय से किया गया था। राज्यपाल श्री पटेल ने समापन कार्यक्रम के पूर्व सभागार में उपस्थित कलाकारों के पास पहुंचे और समक्ष में उनसे चर्चा की।

समाचार संक्षेप में .....

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए गेस्ट हाउस बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेसीडेन्सी कोठी परिसर इंदौर में कल गेस्ट हाउस का शिलान्यास किया।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने छतरपुर में ई-रिक्शा चालकों के साथ संवाद किया और उनके कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

धार में कल ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर आजाद विचार मंच के युवाओं ने भारत माता की आरती का आयोजन किया।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद आगरमालवा द्वारा श्री आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पखवाड़ा अंतर्गत व्याख्यानमाला का आयोजन नेहरू कॉलेज में किया।

रायसेन जिला अस्पताल में 16 करोड़ की लागत से 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण कार्य का सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने निरीक्षण किया।

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसमें छतरपरु सहित प्रदेश के 51 जिलों का चयन किया गया है। कार्यक्रम के तहत 18 विभागों एवं मंत्रालयों की 25 योजनाओं गतिविधियों का शत प्रतिशत सैचुरेशन किया जाना है।

-------